## आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 23.05.2026 समय : 0705

1. सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय द्वारा चलचित्र अंडमान निकोबार फिल्म फेस्टिवल का कल उद्घाटन किया गया।
2. कला एवं संस्कृति निदेशालय द्वारा अंडमान निकोबार संग्रहालय की स्थापना की जा रही है।
3. मत्स्य निदेशालय एक्सेस पास आवेदन शिविर का आयोजन कर रहा है।

और

4. जहाज MV Swaraj Dweep Vizag के लिए 26 मई को सुबह 10 बजे श्री विजयपुरम से रवाना होगा।

<><><><><><><>

सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय द्वारा नेशनल फिल्म डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के सहयोग से आयोजित पहला चलचित्र अंडमान निकोबार फिल्म फेस्टिवल, कल भारतीय मानव सर्वेक्षण सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य सचिव, डॉ. चंद्र भूषण कुमार मुख्य अतिथि थे। इस अवसर पर निदेशालय की आयुक्त–सह–सचिव, चंचल यादव, दक्षिण अंडमान ज़िलाा उपायुक्त पूर्वा गर्ग, प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, फिल्म निर्माता शिवांगी सिंह और राहुल कालेय उपस्थित थे। मुख्य सचिव ने अपने संबोधन में कहा वीकेंड फिल्म फेस्टिवल की यह पहल सिनेमा प्रेमियों के लिए एक जीवंत माहौल बनाने में मदद करेगी और दर्शकों के बीच सार्थक फिल्मों तथा कहानी कहने की कला की सराहना को प्रोत्साहित करेगी। मुख्य सचिव ने बताया कि इस वीकेंड फिल्म फेस्टिवल के दौरान विभिन्न भाषाओं की फिल्में दिखाई जाएंगी। यह फेस्टिवल 21 जून तक हर शुक्रवार और शनिवार को आयोजित किया जाएगा। उन्होंने फिल्म प्रेमियों से आग्रह किया कि वे न केवल फिल्मों की स्क्रीनिंग का आनंद लें, बल्कि फिल्म निर्माण के विभिन्न पहलुओं पर आयोजित होने वाली कार्यशालाओं में भी सक्रिय रूप से भाग लें। इस फेस्टिवल में प्रशंसित फिल्मों की स्क्रीनिंग के साथ–साथ इंटरैक्टिव सत्र और कार्यशालाएं भी शामिल हैं, जिनका उद्देश्य स्थानीय दर्शकों और युवाओं के बीच सिनेमा और फिल्म निर्माण में रुचि जगाना है। आज दिन में ग्यारह बजे "सलाम बॉम्बे!" फिल्म का पहला शो और शाम पांच बजे "RRR" फिल्म के दूसरे शो की स्कीनिंग की जाएगी। फिल्म महोत्सव के

एक हिस्से के रूप में, फिल्मों की स्क्रीनिंग से पहले विभाग द्वारा एक विशेष शॉर्ट फिल्म निर्माण कार्यशाला आयोजित की जाएगी, जो पूरी तरह निःशुल्क होगी।

<><><><><><><>

कला एवं संस्कृति निदेशालय द्वारा पुराने राज्य पुस्तकालय भवन में अंडमान निकोबार संग्रहालय की स्थापना की जा रही है। संग्रहालय में द्वीपों की सांस्कृतिक, सामाजिक और ऐतिहासिक धरोहर को संरक्षित और प्रदर्शित किया जाएगा। विभाग ने आम जनता से प्राचीन वस्तुएं, पुराने दस्तावेज़, पांडुलिपियां, कलाकृतियां और अन्य ऐतिहासिक स्मृति चिह्न उपलब्ध कराने की अपील की है। वस्तुओं की प्रमाणिकता की जांच कर चयनित वस्तुओं को संग्रहालय में रखकर प्रदर्शित किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए कला एवं संस्कृति विभाग से सम्पर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

वाइस एडमिरल अजय कोचर, अपना कार्यकाल पूरा होने के बाद और वाइस चीफ ऑफ द नेवल स्टाफ के तौर पर अपनी नई जिम्मेदारी संभालने से पहले, कल लोक निवास में उपराज्यपाल से विदाई मुलाकात की। उपराज्यपाल ने उनके कार्यकाल के दौरान प्रशासन को दिए गए सहयोग के लिए अभार व्यक्त किया।

<><><><><><><>

नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से ग्राम पंचायतों में विशेष आधार शिविर आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 25 और 26 मई को शोल बे में आधार शिविर लगेगा। आम जनता से इन विशेष आधार शिविरों का लाभ उठाने को कहा गया है।

<><><><><><><>

मत्स्य निदेशालय सभी हितधारकों को लिए एक्सेस पास आवेदन शिविर का आयोजन कर रहा है। इस शिविर में विशेष आर्थिक क्षेत्र में मत्स्य नौकाओं के संचालन के लिए मौजूदा प्रावधानों के अनुसार, 24 मीटर और उससे अधिक की कुल लंबाई वाली सभी मोटरयुक्त मत्स्य नौकाओं, और सभी मशीनीकृत मत्स्य नौकाओं

को EEZ में मत्स्यन कार्य के लिए एक्सेस पास प्रदान किया जाएगा। फिशरीज सर्वे ऑफ इंडिया के समन्वय से, आज सुबह दस बजे फिश लैंडिंग सेंटर जंगलिघाट मे आयोजित इस शिविर में विभाग नौका मालिकों और मछुआरों को ReALCraft पोर्टल के माध्यम से एक्सेस पास के आवेदन जमा करने में मौके पर ही प्रत्यक्ष सहायता प्रदान करेगा। सभी पात्र मशीनीकृत मत्स्य नौकाओं के मालिकों और संचालकों, जिन्होंने अभी तक एक्सेस पास प्राप्त नहीं किया है, वे इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए, फिश लैंडिग सेंटर से सम्पर्क किया जा सकता है।

<><><><><><>

जहाज MV Swaraj Dweep Vizag के लिए 26 मई को सुबह 10 बजे श्री विजयपुरम से रवाना होगा। अतिरिक्त सामान की जांच व लोडिंग 25 मई को दोपहर दो बजे से शाम चार बजे तक की जाएगी। यात्रियों के जहाज पर चढ़ाने का कार्य जहाज़ रवानगी के दिन सुबह 0700 बजे से 0900 बजे के बीच होगा।

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिले में सिविल डिफेंस वॉलंटियर के तौर पर भर्ती के लिए सीधे साक्षात्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए है। 18 से 40 वर्ष के 10वीं कक्षा पास उम्मीदवार जो दक्षिण अंडमान जिले का निवासी हो, वे इसके लिए पात्र है। उन आवेदकों को प्राथमिकता दी जाएगी जिन्होंने नेशनल वॉलंटियर फोर्स,होम गार्ड या केंद्र सरकार के सशस्त्र बलों में सेवा दी हो। आवेदन ज़िला नियंत्रण कक्ष में जमा किए जा सकते हैं। साक्षात्कार की तारीख, समय और जगह की घोषणा बाद में की जाएगी। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि छह जून है।

<><><><><><>

ारतीय वनस्पति सर्वेक्षण की ओर से वनस्पति उद्यान में अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस का मनाया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रमुख डॉ. लाल जी सिंह द्वारा औषधीय वृक्ष लगाए गए, इस कार्यक्रम में स्कूली छात्रों के

लिए एक चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें 10 से अधिक स्कूली छात्रों, क्षेत्रीय केंद्र के वैज्ञानिकों और कर्मचारियों, तथा स्थानीय लोगों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

बच्चों की देखभाल और सुरक्षा अधिनियम, 2015 के तहत संस्थागत देखभाल को मजबूत करने पर एक दो–दिवसीय कार्यशाला हाल ही में आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्देश्य बच्चों की देखभाल और सुरक्षा अधिनियम, 2015 के कार्यान्वयन को मजबूत करना और पूरे द्वीप समूह में बाल संरक्षण सेवाओं में लगे हितधारकों की क्षमता को बढ़ाना था। कार्यशाला के दौरान, संस्थागत देखभाल, बाल संरक्षण तंत्र, पुनर्वास सेवाओं, वैधानिक प्रक्रियाओं और जुवेनाइल जस्टिस अधिनियमके तहत सर्वोत्तम प्रथाओं से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

<><><><><><><>

कम्युनिटी मेडिसिन विभाग, अनिम्स की ओर से इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च – रीजनल मेडिकल रिसर्च सेंटर, के सहयोग से हाल ही में दो प्रमुख समुदाय–आधारित रिसर्च प्रोजेक्ट शुरू किए है। कार्यक्रम में अनिम्स के निदेशक डॉ. मुकेश त्रिपाठी, मुख्य अतिथि थे। परियोजना का उद्देश्य एक जीवन–रक्षक कौशल को सीधे महिलाओं के अपने घरों में ही उनके हाथों तक पहुँचाना है। इन प्रोजेक्ट्स का नेतृत्व मुख्य अन्वेषक डॉ. अजय राज एस और डॉ. समर हुसैन कर रहे हैं। ये प्रोजेक्ट्स संकलित किए जाने के बाद द्वीप समूह में भविष्य के सार्वजनिक स्वास्थ्य हस्तक्षेपों के लिए एक संदर्भ बिंदु का काम करेंगे।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार राज्य ओलंपिक संघ की ओर से मई–जून माह में जिला और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। श्री विजयपुरम में आयोजित होने वाले जिला जूनियर रग्बी 7 फुटबॉल चैंपियनशिप 30 मई को खेली जाएगी, जिसके पंजीकरण की अंतिम तिथि 29 मई है। इसके अलावा जिला बैडमिंटन चैंपियनशिप के लिए 29 मई, ओपन सीनियर स्टेट रग्बी 7 चैंपियनशिप के लिए 5 जून, और जिला योग चैंपियनशिप के लिए 12 जून तक पंजीकरण किया जा सकता है। इच्छुक प्रतिभागी संघ से संपर्क कर सकते है।

<><><><><><><>